a provision for cultural tours, whenever officers come to India on home-leave and before their departure for a posting abroad, to refresh their knowledge.

नेहरू स्मारक निधि

1309. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :
श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :
श्री श्रीनारायण दास :
श्री सरजू पाण्डेय :
श्री यु० सिं० चौधरी :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने **की** कृपा करेंगे कि :

(क) नेहरू स्मारक निधि में अब तक कितनी धन-राशि प्राप्त हुई है; और

(ख) इस राशि को किस प्रकार काम में लाया जायेगा और इस प्रयोजन के लिये क्या ठोस योजनायें तैयार की गई हैं ?

प्रधान मंत्री तथा अणु शक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) और (ख). जवाहर लाल नेहरू स्मारक निधि सरकारी निधि न होने के कारण सरकार के पा इसके बारे कोई जानकारी नहीं । निधि की व्यवस्था एक राष्ट्रीय समिति करती है ।

संसद्-सदस्यों द्वारा विदेशों के दौरे

1310. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :

क्या संसद्-कार्य मंत्री यह बताने **की** कृपा करेंगे कि :

(क) संसद्-कार्य विभाग द्वारा पि ले तीन महीनों में संसद्-सदस्यों के लिये विदेशों के कितने ैरों की व्यवस्था की गई;

(ख) इन विदेश दौरों के लिये सदस्यों का चुनाव किस आधार पर किया जाता है;

(ग) क्या यह सच है कि कुछ सदस्यों और दलों ने सदस्यों के चुनाव के सम्बन्ध में उनसे विरोध प्रकट किया है; और

(घ) यदि हां, तो उसके सम्बन्ध उनकी क्या प्रतिक्रिया है ?

संचार तथा संसद-कार्य मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह) : (क) पिछले तीन महीनों के अन्तर्गत संसद्-कार्य विभाग ने किसी भी विदेशी दौरे का प्रबन्ध नहीं किया ।

(ख) से (घ). प्रश्न नहीं उठते ।

विदेशों में भारतीय दूतावास

1. **श्री विभूति मिश्र :**
श्री क० ना० तिवारी :
श्री शिवमूर्ति स्वामी :
श्री बीरेन्द्र बहादुर सिंह :

क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने भारतीय दूतावास/उच्च आयोग, राजदूतों/उच्च आयुक्तों के प्रभार के अन्तर्गत हैं ;

(ख) उन में से कितने (1) भारतीय विदेश सेवा, (2) आई० सी० एस० औ आई० ए० एस० और (3) अन्य सेवाओं के हैं ; और

(ग) क्या सरकार ऐसे किसी प्र ाव पर विचार कर रही है कि ये अधिकारी अधिकतर राजनीतिज्ञों में से नियुक्त किये जायें ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) 68

(ख) (1) 40